
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 98 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
बदजुबानी की रेटिंग



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 18 मई 2019



मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 19.0°

37930.77

2 अमेरिका की बड़ी कार्रवाई

7 कोहली है यह मुकाम पाने वाले खिलाड़ी

# साध्वी को मन से माफ नहीं कर पाऊंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

♦गोडसे को लेकर साध्वी प्रज्ञा के बयान पर पीएम मोदी सख्त

भोपाल। महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताने वाले बयान पर भोपाल संसदीय सीट से बीजेपी उम्मीदवार साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर पूरी तरह से घिर गई हैं। उनके इस बयान के बाद से बीजेपी का हाई कमान डैमेज कंट्रोल में जुटा हुआ है। न सिर्फ बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कड़े शब्दों में प्रज्ञा के बयान की निंदा की है। पीएम मोदी ने सख्त लहजे में कहा कि प्रज्ञा और बाकी लोग जो गोडसे और बापू के बारे में बयानबाजी कर रहे हैं, वह खराब है। भले ही प्रज्ञा ने माफी मान ली हो, लेकिन मैं दिल से उन्हें कभी माफ नहीं कर पाऊंगा।

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में प्रज्ञा के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा, गांधी और गोडसे के संबंध भयंकर खराब है, हर प्रकार घृणा के लायक है, आलोचना के लायक है, सभ्य समाज में ऐसी बातें नहीं कही जा सकती हैं।

पीएम मोदी ने आगे कहा, उन्होंने भले ही माफी मांग ली हो, लेकिन मैं दिल से कभी उन्हें माफ नहीं कर पाऊंगा।



**बयान पर बीजेपी की सफाई**

नाथूराम गोडसे पर बीजेपी नेताओं साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनंत हेगड़े और सांसद नलीन कटील के बयानों पर सियासी बवाल के बाद बीजेपी ने सफाई जारी की। बीजेपी नेताओं के बयानों से भड़के पार्टी चीफ अमित शाह ने कहा कि इन नेताओं के ये बयान उनके निजी बयान हैं और पार्टी का इससे कोई लेना–देना नहीं है। साध्वी और अनंत कुमार हेगड़े के बाद अब बीजेपी के सांसद नलीन कटील ने भी विवादित बयान दिया था।

# पूर्ण बहुमत से लौटूंगा: मोदी

## बीजेपी ने आम चुनावों के प्रचार खत्म होने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पांच साल में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के साथ यहां बीजेपी मुख्यालय में शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस की। प्रेस कांफ्रेंस की शुरुआत भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने की। उन्होंने कहा कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष की ओर से महंगाई और भ्रष्टाचार चुनाव के मुद्दे नहीं थे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव शानदार रहा, एक सकारात्मक भाव से हुआ। दशकों बाद ऐसा हो रहा है कि पूर्ण बहुमत वाली सरकार पांच साल पूरा करने के बाद दोबारा जीतकर आएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की ताकत दुनिया के सामने ले जाना हम सबका दायित्व है। हमें विश्व को प्रभावित करना चाहिए कि हमारा लोकतंत्र कितनी विविधताओं से भरा है। चुनाव शानदार रहा, एक सकारात्मक भाव से हुआ। पूर्ण बहुमत वाली सरकार पांच साल पूरे करके दोबारा जीतकर आएगी शायद देश में यह दशकों बाद हो रहा है। एनडीए की सरकार बनाना जनता ने खुद तय कर लिया है।

पीएम मोदी ने कहा, 16 मई को 2014 में रिजल्ट आया था और कुछ लोगों को 17 मई को बड़ा नुकसान हुआ था।



**उम्मीद**

■बीजेपी के 300 सीटें मिलने का अनुमान जताया

**बहुमत से वापसी का भरोसा**

भाजपा अध्यक्ष शाह ने कहा कि एक लंबे, सफल चुनाव अभियान की समाप्ति पर कुछ बातें बताने के लिए आपको आमंत्रित किया है। जनसंघ के समय से और भाजपा के बनने के बाद से संगठनात्मक तरीके से काम करने वाली पार्टी रही है। देश के हर वर्ग तक सरकार की योजनाएं पहुंचे, इसके लिए सरकार ने काम किया है। पांच साल में 133 योजनाएं लाए, यानी हर 15 दिन में एक योजना शुरू की गई। हमारी सरकार ने देश के सम्मान को बढ़ाने का काम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लैकमेल करने पर राष्ट्रीय कवि दिनकर की नातिन गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नोएडा। केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा को ब्लैकमेल कर 10 करोड़ रुपए की रंगदारी वसूलने के प्रयास के मामले में शुक्रवार को थाना सेक्टर 20 पुलिस ने राष्ट्रीय कवि रामधारी सिंह दिनकर की नातिन उषा ठाकुर को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि 22 अप्रैल को सेक्टर 27 स्थित केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा के अस्पताल में आलोक, कुमारी निशु, निशा और उषा ठाकुर पहुंचे थे। इन लोगों ने डॉ. शर्मा की रिकॉर्ड की गई ऑडियो और विडियो के आधार पर 10 करोड़ रुपए की मांग की थी।

### दिल्ली–एनसीआर में बारिश, गर्मी से राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली–एनसीआर के कुछ इलाकों में शुक्रवार शाम तेज बारिश ने लोगों को चिलचिलाती धूप और गर्मी से राहत दी है। सुबह से ही आसमान में बादल घिरे हुए थे और मौसम विभाग ने गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई थी। मौसम विभाग ने दिल्ली के कुछ इलाकों में ओले पड़ने के भी आसार जताए हैं।

# साध्वी पर होगी कार्रवाई: शाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

साध्वी की उम्मीदवारी एक सत्याग्रह

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन बीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई सवालों के जवाब दिए। मोदी सरकार के बनने के बाद यह पहला मौका था, जब पीएम प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे। हालांकि सभी सवालों के जवाब बीजेपी अध्यक्ष दे रहे थे। इस दौरान साध्वी प्रज्ञा के बयान को लेकर पूछे गए सवाल पर अमित शाह ने कहा कि गोडसे–गांधी बयान देने वाले नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, 10 दिन में जवाब आने पर इस पर कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की उम्मीदवार के सवाल पर शाह ने कहा, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की उम्मीदवारी फर्जी भगवा आतंक के खिलाफ हमारा सत्याग्रह है। देश की अदालत भी भगवा आतंक को फर्जी बता चुकी है।

### पूर्व कमिश्नर राजीव कुमार की गिरफ्तारी से रोक हटाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सारदा चिट फंड घोटाले के मामले में पश्चिम बंगाल के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार की गिरफ्तारी पर लगी रोक सुप्रीम कोर्ट हटा दी है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि सीबीआई अपना काम कर सकती है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला 7 बाद लागू होगा। इस दौरान राजीव कुमार अपनी ओर से कानूनी कदम उठाने के लिए स्वतंत्र हैं। यह फैसला पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के लिए करारा झटका है, जो इस पूरे मामले को केंद्र की साजिश बता रही हैं। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि उसका आज का आदेश 7 दिन बाद से लागू होगा। तब तक पूर्व पुलिस आयुक्त राजीव कुमार की गिरफ्तारी नहीं होगी।

# मोदी की विदाई तय: राहुल गांधी

## बंद कमरे में मोदी की प्रेस कॉन्फ्रेंस, 23 मई को जनता करेगी फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आम चुनाव के प्रचार की समाप्ति पर बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने ही प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बीजेपी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी अध्यक्ष अमित शाह के साथ पीएम मोदी भी मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब पत्रकारों ने बताया कि बीजेपी भी मीडिया से बात कर रही है तो उन्होंने तंज करते हुए कहा, वेरी गुड, प्रधानमंत्री का पहला प्रेस कॉन्फ्रेंस चुनाव परिणाम से चार पांच दिन पहले होता है। यह अजीब है कि प्रधानमंत्री अमित शाह के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। सुना है दरवाजा बंद कर दिया गया है और कुछ पत्रकारों को घुसने नहीं दिया जा रहा है। बंद कमरे में प्रेस कॉन्फ्रेंस हो रही है।



राहुल गांधी ने कहा, मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुधार हो गया है और यह आपकी वजह से है इसलिए आपको भी धन्यवाद। उन्होंने कहा, मैं भी पीएम मोदी से सवाल पूछना चाहता हुं कि आपने राफेल पर जवाब क्यों नहीं दिया। मैं पूछना चाहता हूं कि अनिल अंबानी को आम आदमी का पैसा क्यों दिया। आपने मेरे साथ डिबेट क्यों नहीं की? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी जी की जो फिलॉसफी है वह हिंसा की है गांधी जी की नहीं है। बाकी जनता 23 मई को जो डिसाइड करेगी उसके आधार पर काम करेंगे। उन्होंने कहा, यह चुनाव राफेल के भ्रष्टाचार, रोजगार, किसानों की हालत, इकॉनमी, जीएसटी और नोटबंदी पर हुआ और इस पर जवाब ही नहीं दिया।

**चुनाव आयोग पर सवाल**

राहुल गांधी ने चुनावी आयोग पर सवाल उठाते हुए कहा कि आयोग ने बायस्ड तरीके से काम किया है। नरेंद्र मोदी जो कुछ चाहते हैं बोल देते हैं और उसी बात के लिए किसी और को टोका जाता है, पक्षपात तो जरूर दिख रहा है। उन्होंने कहा, मुझे लगाता है कि यह पूरा चुनाव का शेड्यूल नरेंद्र मोदी जी की कैंपेनिंग के लिए बनाया गया है। हमारा काम है कि जनता के मुद्दों को उठाऊं। उनके पास अनलिमिटेड पैसा, टीवी चैनल सब हैं और हमारे पास केवल सच्चाई है।

# पीएम पद का 'त्याग' वाले बयान से पलटी कांग्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सबसे बड़ी पार्टी को मिले मौका: गुलाम नबी आजाद

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद अपने एक दिन पहले दिए उस बयान से पलट गए जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र से एनडीए सरकार हटाने के लिए उनकी पार्टी पीएम पद का त्याग कर सकती है। आजाद ने यू–टर्न लेते हुए कहा कि यह सच नहीं है कि कांग्रेस पार्टी पीएम पद के लिए दावेदारी नहीं पेश करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है और अगर 5 साल सरकार चलाना है तो जाहिर है कि सबसे बड़ी पार्टी को ही मौका मिलना चाहिए। कांग्रेस महासचिव ने कहा, कांग्रेस पीएम पद की दावेदारी की इच्छुक नहीं है या फिर कांग्रेस पीएम पद पर दावा पेश नहीं करेगी, यह सच नहीं है। अगर हमें 5 साल तक सरकार चलानी है तो सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी को ही इसका मौका मिलना चाहिए।

बता दें कि गुलाम नबी आजाद ने बयान दिया था कि कांग्रेस का लक्ष्य किसी भी तरह से एनडीए को सरकार बनाने से रोकना है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in